*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## किसान चौपाल का आयोजन

पंतनगर। 17 दिसम्बर 2025। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ द्वारा संचालित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना–फ्रिजवाल द्वारा 15 दिसम्बर 2025 को ग्राम खुरिया खत्ता न.8 एवं 17 दिसम्बर 2025 को ग्राम सूरजपुर कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र–पन्तनगर में पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के बीच किसान चौपाल का आयोजन किया गया।

किसान चौपाल का उद्घाटन, डा. बृजेश सिंह, प्राध्यापक पशुधन प्रबन्ध विभाग एवं परियोजना अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने सभी पशुपालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों के उत्साहवर्धन करने के साथ–साथ परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशु पालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। डा. बृजेश सिंह द्वारा पशु नस्ल सुधार एवं देशी नस्ल व प्रजनन सम्बन्धी सम्स्याओं के सुझाव एवं जानकारी के साथ–साथ पशु पालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशु पालन करने की सलाह दी। डा. रिपुसुदन कुमार, सह–प्राध्यापक, पशु पोषण विभाग द्वारा पशु पोषण सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के साथ–साथ उत्तम पशु आहार बनाने की विधि बताते हुए पशु पालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशु पालन करने की सलाह दी गयी।

किसान चौपाल में पशुपालकों का पंजीकरण एवं सामग्री वितरण व धन्यवाद प्रस्ताव कु. आराधना फुलार द्वारा किया गया। किसान चौपाल में क्रमशः 40 एवं 23 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

